**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2160**

**गुरूवार, 21 दिसंबर, 2023/30 अग्रहायण, 1945 (शक)**

**देश में बढ़ती बेरोजगारी**

**2160. श्री दिग्विजय सिंहः**
**श्री कपिल सिब्बलः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान बेरोजगारी की दर का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान में देश में बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या क्या है, पिछले पांच वर्षों के दौरान बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान रोजगार सृजन की योजनाओं में हुई प्रगति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है, साथ ही ऐसी योजनाओं के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार मनरेगा की तर्ज पर शहरी रोजगार गारंटी योजना बनाना चाहती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) और (ख): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान देश में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) निम्नानुसार हैः

| **वर्ष** | **यूआर (% में)** |
|---|---|
| 2018-19 | 5.8 |
| 2019-20 | 4.8 |
| 2020-21 | 4.2 |
| 2021-22 | 4.1 |
| 2022-23 | 3.2 |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त तालिका के आंकड़े दर्शाते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है।

वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर **अनुबंध-I** में दी गई है।

नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश में, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार का सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

भारत सरकार ने व्यवसाय को प्रोत्साहन प्रदान करने और कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत, सरकार द्वारा सत्ताईस लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान किया गया है। इस पैकेज में, देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विभिन्न दीर्घकालिक योजनाएं/कार्यक्रम/नीतियां शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई), नए रोजगारों के सृजन तथा कोविड-19 महामारी के दौरान समाप्त हुए रोजगारों के पुनः सृजन हेतु नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 01 अक्तूबर, 2020 से प्रारंभ की गई थी। लाभार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2022 थी। इस योजना के आरंभ से, दिनांक 24.11.2023 तक, योजना के तहत 60.48 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है। इस योजना की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रगति **अनुबंध-II** में दी गई है।

सरकार दिनांक 01 जून, 2020 से प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) का कार्यान्वयन कर रही है ताकि कोविड-19 महामारी के दौरान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए स्ट्रीट वेंडरों को, उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए जमानत मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा मिल सके। इस योजना के तहत दिनांक 23.11.2023 तक, 78.08 लाख ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इस योजना की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रगति **अनुबंध-III** में दी गई है।

सरकार द्वारा स्व-रोजगार को सरल बनाने के लिए, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आरंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत, सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को, अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने तथा इसमें और अधिक विस्तार करने में उन्हें समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का जमानत मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना की शुरुआत से लेकर अब तक के राज्य-वार आंकड़े अनुबंध-**IV** में दिए गए है।

सरकार द्वारा, वर्ष 2021-22 से शुरू होकर 5 वर्ष की अवधि के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। इन पीएलआई योजनाओं से 60 लाख नए रोजगार सृजित होने की संभावना है।

पीएम गतिशक्ति, आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है। यह पहल सात घटकों नामतः सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और लाजिस्टिक बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित हैं। यह पहल, स्वच्छ ऊर्जा और सबका प्रयास द्वारा संचालित है जिससे सभी के लिए रोजगार और उद्यमशीलता के अत्यधिक अवसर पैदा होंगें।

भारत सरकार, पर्याप्त निवेश और सार्वजनिक व्यय वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है और जिसमें रोजगार सृजन हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) और दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) आदि जैसी योजनाएं शामिल हैं। सरकार ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) के माध्यम से उद्यमिता विकास के लिए ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास हेतु एक कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रही है। इन योजनाओं की प्रगति का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण **अनुबंध-V से VIII** में दिया गया है।

इसके साथ-साथ, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) युवाओं की नियोजनीयता बढ़ाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस), प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना और शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस), का कार्यान्वयन कर रहा है।

इन प्रयासों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, सब के लिए आवास जैसे सरकार के विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रम आदि भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए ही है।

सामूहिक रूप से इन सभी पहलों के गुणक-प्रभावों से, मध्यम से दीर्घावधि में रोजगार सृजित होने की आशा है।

*****

**राज्य सभा के दिनांक 21.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5.3 | 4.7 | 4.1 | 4.2 | 4.1 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 7.7 | 6.7 | 5.7 | 7.7 | 4.8 |
| 3 | असम | 6.7 | 7.9 | 4.1 | 3.9 | 1.7 |
| 4 | बिहार | 9.8 | 5.1 | 4.6 | 5.9 | 3.9 |
| 5 | छत्तीसगढ | 2.4 | 3.3 | 2.5 | 2.4 | 2.4 |
| 6 | दिल्ली | 10.4 | 8.6 | 6.3 | 5.3 | 1.9 |
| 7 | गोवा | 8.7 | 8.1 | 10.5 | 12.0 | 9.7 |
| 8 | गुजरात | 3.2 | 2.0 | 2.2 | 2.0 | 1.7 |
| 9 | हरियाणा | 9.3 | 6.4 | 6.3 | 9.0 | 6.1 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 5.1 | 3.7 | 3.3 | 4.0 | 4.3 |
| 11 | झारखंड | 5.2 | 4.2 | 3.1 | 2.0 | 1.7 |
| 12 | कर्नाटक | 3.6 | 4.2 | 2.7 | 3.2 | 2.4 |
| 13 | केरल | 9.0 | 10.0 | 10.1 | 9.6 | 7.0 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3.5 | 3.0 | 1.9 | 2.1 | 1.6 |
| 15 | महाराष्ट्र | 5.0 | 3.2 | 3.7 | 3.5 | 3.1 |
| 16 | मणिपुर | 9.4 | 9.5 | 5.6 | 9.0 | 4.7 |
| 17 | मेघालय | 2.7 | 2.7 | 1.7 | 2.6 | 6.0 |
| 18 | मिजोरम | 7.0 | 5.7 | 3.5 | 5.4 | 2.2 |
| 19 | नागालैंड | 17.4 | 25.7 | 19.2 | 9.1 | 4.3 |
| 20 | ओडिशा | 7.0 | 6.2 | 5.3 | 6.0 | 3.9 |
| 21 | पंजाब | 7.4 | 7.3 | 6.2 | 6.4 | 6.1 |
| 22 | राजस्थान | 5.7 | 4.5 | 4.7 | 4.7 | 4.4 |
| 23 | सिक्किम | 3.1 | 2.2 | 1.1 | 1.6 | 2.2 |
| 24 | तमिलनाडु | 6.6 | 5.3 | 5.2 | 4.8 | 4.3 |
| 25 | तेलंगाना | 8.3 | 7.0 | 4.9 | 4.2 | 4.4 |
| 26 | त्रिपुरा | 10.0 | 3.2 | 3.2 | 3.0 | 1.4 |
| 27 | उत्तराखंड | 8.9 | 7.1 | 6.9 | 7.8 | 4.5 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 5.7 | 4.4 | 4.2 | 2.9 | 2.4 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 3.8 | 4.6 | 3.5 | 3.4 | 2.2 |
| 30 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 13.5 | 12.6 | 9.1 | 7.8 | 9.7 |
| 31 | चंडीगढ़ | 7.3 | 6.3 | 7.1 | 6.3 | 4.0 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली | 1.5 | 3.0 | 4.2 | 5.2 | 2.5 |
| 33 | दमन और दीव | 0.0 | 2.9 | | | |
| 34 | जम्मू एवं कश्मीर | 5.1 | 6.7 | 5.9 | 5.2 | 4.4 |
| 35 | लद्दाख | - | 0.1 | 2.9 | 3.3 | 6.1 |
| 36 | लक्षद्वीप | 31.6 | 13.7 | 13.4 | 17.2 | 11.1 |
| 37 | पुडुचेरी | 8.3 | 7.6 | 6.7 | 5.8 | 5.6 |
| **अखिल भारत** | | **5.8** | **4.8** | **4.2** | **4.1** | **3.2** |

**स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई**

**राज्य सभा के दिनांक 21.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना के आंकडें (दिनांक 24.11.2023 तक)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | लाभार्थी कर्मचारियों की संख्या | लाभार्थी प्रतिष्ठानों की संख्या | लाभ की राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 479 | 36 | 1.2 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 166959 | 4044 | 322.1 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 514 | 17 | 1.4 |
| 4 | असम | 19902 | 669 | 34.0 |
| 5 | बिहार | 28551 | 1213 | 73.9 |
| 6 | चंडीगढ़ | 64817 | 1584 | 103.1 |
| 7 | छत्तीसगढ | 85100 | 2951 | 170.1 |
| 8 | दिल्ली | 227662 | 3146 | 319.3 |
| 9 | गोवा | 20947 | 542 | 32.1 |
| 10 | गुजरात | 644000 | 15578 | 1017.7 |
| 11 | हरियाणा | 400549 | 7640 | 608.5 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 83380 | 2164 | 136.8 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 19384 | 891 | 47.9 |
| 14 | झारखंड | 62773 | 2248 | 127.9 |
| 15 | कर्नाटक | 486775 | 11007 | 854.1 |
| 16 | केरल | 96338 | 2732 | 194.6 |
| 17 | लद्दाख | 190 | 17 | 0.4 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 205799 | 6257 | 380.2 |
| 19 | महाराष्ट्र | 978812 | 22447 | 1492.8 |
| 20 | मणिपुर | 1692 | 57 | 2.7 |
| 21 | मेघालय | 1224 | 39 | 4.9 |
| 22 | मिजोरम | 377 | 15 | 1.6 |
| 23 | नागालैंड | 234 | 17 | 0.5 |
| 24 | ओडिशा | 89354 | 4195 | 199.1 |
| 25 | पंजाब | 171000 | 6550 | 352.7 |
| 26 | राजस्थान | 326551 | 11480 | 568.4 |
| 27 | सिक्किम | 3766 | 113 | 7.2 |
| 28 | तमिलनाडु | 817951 | 16760 | 1167.7 |
| 29 | तेलंगाना | 283292 | 5392 | 396.3 |
| 30 | त्रिपुरा | 5440 | 150 | 10.0 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 433565 | 12413 | 854.0 |
| 32 | उत्तराखंड | 93500 | 2425 | 154.1 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 227625 | 7710 | 400.9 |
| | **योग** | **6048502** | **152499** | **10038.1** |

स्रोतः ईपीएफओ, एमओएलई

**अनुबंध-III**

**राज्य सभा के दिनांक 21.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**दिनांक 22.11.2023 तक प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) के लाभार्थियों के राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार आंकड़े**

| क्र.सं | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्वीकृत ऋण | | | वितरित ऋण | | | संवितरित राशि (करोड़ रुपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022- 23 | 2023-24 | 2021-22 | 2022- 23 | 2023-24 | 2021-22 | 2022- 23 | 2023-24 |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 141 | 219 | 170 | 146 | 187 | 156 | 0.20 | 0.40 | 0.36 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 82,997 | 49,724 | 1,56,596 | 82,111 | 47,808 | 1,55,796 | 93.34 | 86.37 | 231.30 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 875 | 2,041 | 1,950 | 1,105 | 1,799 | 1,847 | 1.31 | 3.13 | 3.66 |
| 4 | असम | 43,176 | 23,857 | 59,764 | 42,671 | 23,559 | 57,094 | 44.67 | 36.74 | 80.44 |
| 5 | बिहार | 15,764 | 11,911 | 70,226 | 19,532 | 10,224 | 56,412 | 20.17 | 17.36 | 74.61 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1,573 | 1,865 | 2,581 | 1,593 | 1,891 | 1,736 | 1.77 | 3.44 | 3.36 |
| 7 | छत्तीसगढ | 9,338 | 11,728 | 40,049 | 9,238 | 11,148 | 35,619 | 12.02 | 20.21 | 59.09 |
| 8 | दमन और दीव तथा दादारा एवं नगर हवेली | 148 | 435 | 1,090 | 228 | 300 | 1,189 | 0.24 | 0.53 | 1.85 |
| 9 | दिल्ली | 10,319 | 33,972 | 1,19,219 | 11,067 | 27,092 | 96,895 | 11.57 | 36.97 | 114.74 |
| 10 | गोवा | 420 | 501 | 564 | 393 | 470 | 489 | 0.57 | 1.06 | 1.17 |
| 11 | गुजरात | 1,14,115 | 1,04,062 | 2,27,482 | 1,11,510 | 99,794 | 2,19,582 | 128.01 | 167.45 | 306.70 |
| 12 | हरियाणा | 12,633 | 12,087 | 1,10,316 | 11,622 | 12,155 | 80,963 | 13.76 | 20.95 | 95.37 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1,243 | 2,048 | 2,579 | 1,244 | 2,003 | 2,518 | 1.89 | 4.63 | 5.61 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 3,840 | 5,209 | 3,905 | 4,063 | 4,959 | 3,044 | 5.37 | 10.09 | 8.18 |
| 15 | झारखंड | 8,290 | 8,823 | 57,333 | 8,380 | 7,466 | 47,563 | 9.92 | 13.00 | 58.24 |
| 16 | कर्नाटक | 46,360 | 78,428 | 1,95,769 | 45,543 | 68,111 | 1,91,576 | 57.18 | 119.91 | 275.75 |
| 17 | केरल | 3,355 | 5,522 | 61,437 | 3,379 | 5,099 | 55,989 | 5.37 | 10.50 | 62.67 |
| 18 | लद्दाख | 78 | 216 | 207 | 73 | 214 | 174 | 0.13 | 0.45 | 0.42 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2,01,148 | 1,75,656 | 3,71,012 | 1,99,540 | 1,70,474 | 3,22,775 | 242.09 | 304.25 | 537.19 |
| 20 | महाराष्ट्र | 45,051 | 2,38,925 | 4,08,085 | 60,752 | 2,11,199 | 3,54,042 | 73.03 | 268.30 | 435.33 |
| 21 | मणिपुर | 1,863 | 2,420 | 1,886 | 2,498 | 1,779 | 1,892 | 2.60 | 3.35 | 3.45 |
| 22 | मेघालय | 385 | 1,039 | 1,299 | 383 | 1,020 | 1,269 | 0.41 | 1.30 | 1.78 |
| 23 | मिजोरम | 133 | 131 | 1,042 | 135 | 125 | 981 | 0.23 | 0.26 | 1.27 |
| 24 | नागालैंड | 464 | 563 | 1,082 | 467 | 471 | 1,075 | 0.63 | 0.80 | 1.64 |
| 25 | ओडिशा | 7,719 | 12,988 | 34,347 | 8,994 | 10,683 | 32,298 | 10.57 | 20.25 | 55.00 |
| 26 | पुडुचेरी | 169 | 562 | 2,084 | 226 | 520 | 2,033 | 0.34 | 0.99 | 2.85 |
| 27 | पंजाब | 10,955 | 12,450 | 1,27,587 | 13,259 | 11,364 | 1,09,306 | 13.74 | 19.59 | 130.70 |
| 28 | राजस्थान | 12,594 | 19,070 | 83,737 | 17,023 | 9,118 | 83,290 | 17.09 | 16.05 | 108.22 |
| 29 | सिक्किम | 1 | 2 | 956 | 1 | - | 881 | 0.00 | 0.00 | 0.88 |
| 30 | तमिलनाडु | 62,727 | 58,674 | 2,55,145 | 77,938 | 60,317 | 2,32,556 | 79.65 | 103.70 | 319.78 |
| 31 | तेलंगाना | 73,492 | 97,957 | 1,44,157 | 87,629 | 88,539 | 1,44,019 | 140.47 | 180.75 | 338.24 |
| 32 | त्रिपुरा | 871 | 1,042 | 2,107 | 821 | 993 | 2,068 | 1.05 | 1.87 | 3.32 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 2,14,985 | 3,53,070 | 5,51,519 | 2,36,706 | 3,46,239 | 5,17,950 | 249.14 | 555.37 | 821.83 |
| 34 | उत्तराखंड | 1,959 | 7,348 | 12,606 | 1,908 | 7,016 | 11,942 | 2.42 | 11.89 | 18.09 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 8,828 | 4,927 | 1,58,023 | 11,220 | 2,693 | 1,41,114 | 11.07 | 3.83 | 145.88 |
| **योग** | | **9,98,009** | **13,39,472** | **32,67,911** | **10,73,398** | **12,46,829** | **29,68,133** | **1252.01** | **2045.74** | **4308.96** |

**स्रोतः आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**राज्य सभा के दिनांक 21.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) पर राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार रिपोर्ट- (दिनांक 01.04.2018 से दिनांक 24.11.2023 तक)**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **ऋण खातों की संख्या** | **स्वीकृत राशि** | **संवितरित राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 18,150 | 566.7 | 552.9 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 61,23,796 | 73,238.7 | 70,881.2 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 83,870 | 955.2 | 918.1 |
| 4 | असम | 67,55,114 | 38,912.1 | 37,797.8 |
| 5 | बिहार | 3,73,33,838 | 1,80,427.7 | 1,72,872.8 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1,15,469 | 2,043.2 | 1,974.7 |
| 7 | छत्तीसगढ | 60,65,457 | 38,351.0 | 36,843.7 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव | 23,513 | 434.7 | 413.5 |
| 9 | दिल्ली | 23,36,838 | 23,860.1 | 23,289.0 |
| 10 | गोवा | 2,23,979 | 3,220.2 | 3,063.2 |
| 11 | गुजरात | 97,06,739 | 78,664.6 | 77,451.0 |
| 12 | हरियाणा | 60,76,824 | 46,550.2 | 45,169.5 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 6,90,793 | 14,010.1 | 13,182.9 |
| 14 | झारखंड | 97,91,710 | 50,181.8 | 48,864.5 |
| 15 | कर्नाटक | 2,94,56,443 | 1,85,416.4 | 1,83,199.6 |
| 16 | केरल | 1,03,38,538 | 73,312.4 | 72,094.5 |
| 17 | लक्षद्वीप | 6,938 | 105.0 | 100.7 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 1,87,92,091 | 1,12,376.3 | 1,08,480.1 |
| 19 | महाराष्ट्र | 2,52,36,401 | 1,64,572.8 | 1,61,684.5 |
| 20 | मणिपुर | 3,66,716 | 2,222.0 | 2,099.3 |
| 21 | मेघालय | 1,76,619 | 1,720.8 | 1,671.7 |
| 22 | मिजोरम | 1,00,354 | 1,699.6 | 1,609.4 |
| 23 | नागालैंड | 93,104 | 1,374.6 | 1,289.0 |
| 24 | ओडिशा | 2,10,68,054 | 96,744.0 | 94,882.0 |
| 25 | पांडिचेरी | 7,34,014 | 4,764.1 | 4,703.5 |
| 26 | पंजाब | 65,04,588 | 50,197.0 | 48,200.5 |
| 27 | राजस्थान | 1,52,42,194 | 1,13,217.4 | 1,11,444.7 |
| 28 | सिक्किम | 95,279 | 1,086.1 | 1,049.4 |
| 29 | तमिलनाडु | 3,56,26,152 | 2,05,363.5 | 2,03,480.4 |
| 30 | तेलंगाना | 46,53,577 | 43,647.9 | 42,734.1 |
| 31 | त्रिपुरा | 19,68,181 | 11,115.2 | 10,890.7 |
| 32 | जम्मू और कश्मीर | 13,43,893 | 29,541.9 | 28,620.9 |
| 33 | केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख | 41,232 | 1,245.9 | 1,224.5 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 3,20,65,816 | 1,98,000.8 | 1,91,821.5 |
| 35 | उत्तराखंड | 19,09,881 | 18,933.7 | 18,340.5 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 3,07,36,604 | 1,72,522.7 | 1,69,407.8 |
| | **अखिल भारत** | **32,19,02,759** | **20,40,596.6** | **19,92,303.8** |

स्रोत: मुद्रा पोर्टल पर सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार

**अनुबंध-V**

**राज्य सभा के दिनांक 21.12. 2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**
**प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार निष्पादन**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22 | | | 2022-23 | | | 2023-24 (31.10.2023 तक) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उपयोग की गई मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रु.) | सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या | अनुमानित सृजित रोज़गार (व्यक्तियों की संख्या) | उपयोग की गई मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रु.) | सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या | अनुमानित सृजित रोज़गार (व्यक्तियों की संख्या) | उपयोग की गई मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रु.) | सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या | अनुमानित सृजित रोज़गार (व्यक्तियों की संख्या) |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 238.69 | 162 | 1296 | 202.92 | 121 | 968 | 41.31 | 32 | 256 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 10088.80 | 2477 | 19816 | 12929.93 | 3073 | 24584 | 10903.16 | 2365 | 18920 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 788.88 | 196 | 1568 | 701.26 | 158 | 1264 | 1131.85 | 108 | 864 |
| 4 | असम | 6659.71 | 3855 | 30840 | 5954.20 | 2596 | 20768 | 2732.32 | 1018 | 8144 |
| 5 | बिहार | 8169.92 | 2477 | 19816 | 12123.20 | 4459 | 35672 | 10581.17 | 3002 | 24016 |
| 6 | चंडीगढ़ | 62.08 | 21 | 168 | 44.53 | 15 | 120 | 18.44 | 8 | 64 |
| 7 | छत्तीसगढ | 6941.44 | 3020 | 24160 | 7492.77 | 2543 | 20344 | 3018.79 | 882 | 7056 |
| 8 | दिल्ली | 315.23 | 100 | 800 | 471.11 | 72 | 576 | 252.71 | 34 | 272 |
| 9 | गोवा | 298.22 | 87 | 696 | 291.08 | 66 | 528 | 169.21 | 37 | 296 |
| 10 | गुजरात* | 28704.84 | 4143 | 33144 | 24182.62 | 3071 | 24568 | 22773.78 | 2079 | 16632 |
| 11 | हरियाणा | 6093.33 | 1726 | 13808 | 6319.98 | 1559 | 12472 | 3938.22 | 677 | 5416 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 3550.95 | 1274 | 10192 | 3149.58 | 930 | 7440 | 1620.94 | 394 | 3152 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 46713.54 | 21648 | 173184 | 23993.89 | 12023 | 96184 | 16320.94 | 7549 | 60392 |
| 14 | झारखंड | 4188.27 | 1714 | 13712 | 4837.65 | 1851 | 14808 | 2226.88 | 792 | 6336 |
| 15 | कर्नाटक | 15843.36 | 5877 | 47016 | 16154.42 | 5618 | 44944 | 8561.10 | 2262 | 18096 |
| 16 | केरल | 6859.29 | 2789 | 22312 | 7329.23 | 3129 | 25032 | 2791.56 | 1167 | 9336 |
| 17 | लद्दाख | 1182.31 | 295 | 2360 | 376.09 | 91 | 728 | 209.94 | 44 | 352 |
| 18 | लक्षद्वीप | 17.50 | 7 | 56 | 2.49 | 2 | 16 | 0.00 | 0 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 20961.46 | 8082 | 64656 | 18129.70 | 5957 | 47656 | 7105.27 | 1812 | 14496 |
| 20 | महाराष्ट्र** | 13018.54 | 4128 | 33024 | 13203.32 | 3625 | 29000 | 6508.59 | 1232 | 9856 |
| 21 | मणिपुर | 3337.25 | 1139 | 9112 | 1462.51 | 545 | 4360 | 419.19 | 199 | 1592 |
| 22 | मेघालय | 974.17 | 699 | 5592 | 665.74 | 306 | 2448 | 323.81 | 113 | 904 |
| 23 | मिजोरम | 1461.76 | 650 | 5200 | 1353.86 | 412 | 3296 | 1119.23 | 241 | 1928 |
| 24 | नागालैंड | 2494.89 | 1241 | 9928 | 1535.13 | 469 | 3752 | 504.44 | 133 | 1064 |
| 25 | ओडिशा | 11335.95 | 4301 | 34408 | 10731.75 | 3880 | 31040 | 3838.44 | 1087 | 8696 |
| 26 | पुडुचेरी | 144.30 | 66 | 528 | 65.56 | 25 | 200 | 15.88 | 5 | 40 |
| 27 | पंजाब | 6017.86 | 1790 | 14320 | 7250.62 | 1564 | 12512 | 6969.54 | 968 | 7744 |
| 28 | राजस्थान | 9025.60 | 2599 | 20792 | 11418.57 | 2037 | 16296 | 7561.82 | 943 | 7544 |
| 29 | सिक्किम | 214.27 | 85 | 680 | 131.46 | 57 | 456 | 136.88 | 46 | 368 |
| 30 | तमिलनाडु | 16445.76 | 5972 | 47776 | 17891.66 | 6140 | 49120 | 9879.42 | 2566 | 20528 |
| 31 | तेलंगाना | 9846.14 | 2906 | 23248 | 10225.11 | 2540 | 20320 | 6590.15 | 1349 | 10792 |
| 32 | त्रिपुरा | 2083.70 | 958 | 7664 | 1689.01 | 703 | 5624 | 672.40 | 277 | 2216 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 41165.07 | 12594 | 100752 | 37865.82 | 11601 | 92808 | 26200.10 | 6403 | 51224 |
| 34 | उत्तराखंड | 3983.20 | 1836 | 14688 | 4631.73 | 1803 | 14424 | 1817.53 | 573 | 4584 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 8539.63 | 2305 | 18440 | 7408.96 | 2126 | 17008 | 3043.17 | 814 | 6512 |
| | **योग** | **297765.91** | **103219** | **825752** | **272217.46** | **85167** | **681336** | **169998.18** | **41211** | **329688** |

स्रोत: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (* दमन और दीव सहित, ** दादरा और नगर हवेली सहित)

**राज्य सभा के दिनांक 21.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पिछले पांच वर्ष और चालू वर्ष के दौरान दिनांक 31.10.2023 तक आरएसईटीआई के तहत प्रशिक्षित और नियोजित उम्मीदवारों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वि.व. 2019-20 | | वि.व. 2020-21 | | वि.व. 2021-22 | | वि.व. 2022-23 | | वि.वि. 2023-24 दिनांक 31-10-2023 तक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षित | नियोजित | प्रशिक्षित | नियोजित | प्रशिक्षित | नियोजित | प्रशिक्षित | नियोजित | प्रशिक्षित | नियोजित |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 489 | 316 | 318 | 135 | 412 | 381 | 421 | 421 | 325 | 189 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 9884 | 7179 | 5002 | 3836 | 7817 | 6522 | 10935 | 8792 | 6830 | 4008 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 211 | 294 | 18 | 57 | 225 | 0 | 384 | 438 | 185 | 43 |
| 4 | असम | 11922 | 7680 | 7208 | 5145 | 10017 | 8335 | 14328 | 11087 | 9294 | 4205 |
| 5 | बिहार | 24961 | 18393 | 14868 | 10817 | 21268 | 14330 | 28292 | 22769 | 19278 | 10302 |
| 6 | छत्तीसगढ | 12146 | 8209 | 7003 | 4927 | 10030 | 7257 | 12744 | 11238 | 9232 | 3336 |
| 7 | दादारा एवं नगर हवेली | 763 | 509 | 560 | 437 | 561 | 447 | 761 | 545 | 438 | 278 |
| 8 | गोवा कुल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | गुजरात | 20447 | 14075 | 11233 | 7859 | 15993 | 12863 | 20564 | 16395 | 13203 | 7224 |
| 10 | हरियाणा | 14391 | 10493 | 11301 | 6744 | 11045 | 8176 | 14086 | 8989 | 7630 | 4281 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 4949 | 3541 | 3227 | 2019 | 4750 | 3208 | 6134 | 4013 | 3717 | 2110 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 8662 | 7022 | 4552 | 3955 | 5277 | 4148 | 7909 | 6453 | 5108 | 3046 |
| 13 | झारखंड | 15911 | 12630 | 11467 | 7982 | 13725 | 10828 | 18979 | 13844 | 10900 | 3286 |
| 14 | कर्नाटक | 24676 | 20257 | 16333 | 12649 | 18332 | 17059 | 24937 | 19407 | 15636 | 8698 |
| 15 | केरल | 10236 | 9610 | 5090 | 4752 | 5980 | 5801 | 9970 | 7990 | 6151 | 3758 |
| 16 | लक्षद्वीप | 36 | 0 | 162 | 98 | 139 | 34 | 465 | 285 | 184 | 75 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 31521 | 20982 | 19180 | 15530 | 22956 | 18490 | 32068 | 24620 | 20141 | 11295 |
| 18 | महाराष्ट्र | 24614 | 19668 | 16559 | 13033 | 19606 | 15251 | 27322 | 21474 | 16962 | 10463 |
| 19 | मणिपुर | 495 | 351 | 287 | 277 | 364 | 301 | 920 | 834 | 498 | 294 |
| 20 | मेघालय | 1629 | 989 | 959 | 687 | 1649 | 868 | 2024 | 1480 | 1415 | 482 |
| 21 | मिजोरम | 939 | 957 | 613 | 457 | 651 | 636 | 907 | 798 | 582 | 619 |
| 22 | नागालैंड | 356 | 202 | 199 | 118 | 338 | 272 | 396 | 395 | 309 | 154 |
| 23 | ओडिशा | 20489 | 14933 | 15321 | 11574 | 16049 | 13978 | 20766 | 17486 | 12522 | 7907 |
| 24 | पांडिचेरी | 762 | 543 | 583 | 420 | 568 | 485 | 821 | 780 | 603 | 317 |
| 25 | पंजाब | 9280 | 5605 | 7501 | 5489 | 9241 | 6972 | 10833 | 8243 | 7429 | 3928 |
| 26 | राजस्थान | 27023 | 18789 | 19904 | 12682 | 23160 | 19032 | 30404 | 25274 | 18377 | 11292 |
| 27 | सिक्किम | 364 | 489 | 202 | 134 | 203 | 146 | 411 | 299 | 313 | 206 |
| 28 | तमिलनाडु | 27112 | 17790 | 15233 | 12517 | 17187 | 14796 | 26310 | 21110 | 17145 | 11536 |
| 29 | तेलंगाना | 6435 | 5714 | 3703 | 2647 | 5413 | 5214 | 7195 | 6516 | 4968 | 1877 |
| 30 | त्रिपुरा | 2533 | 1775 | 1893 | 836 | 2274 | 1781 | 2744 | 2237 | 2043 | 1031 |
| 31 | लद्दाख | 603 | 233 | 408 | 328 | 535 | 384 | 624 | 355 | 230 | 139 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 50845 | 38070 | 41995 | 27673 | 52909 | 46948 | 55972 | 46109 | 36198 | 24450 |
| 33 | उत्तराखंड | 6765 | 5387 | 6383 | 4829 | 6258 | 4413 | 7007 | 5599 | 4125 | 2332 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 12576 | 8960 | 5876 | 4591 | 9182 | 7073 | 12169 | 9605 | 8384 | 4320 |
| | **योग** | **384025** | **281645** | **255141** | **185234** | **314114** | **256429** | **409802** | **325880** | **260355** | **147481** |

**स्रोतः ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**राज्य सभा के दिनांक 21.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2018-19 से (दिनांक 28.11.2023 तक) महात्मा गांधी एनआरईजीएस के तहत प्रदान किए गए रोजगार (सृजित मानव दिवसों में) का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सृजित मानव दिवस (लाख में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2465.64 | 2002.25 | 2593.24 | 2417.19 | 2396.03 | 2115.20 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 68.65 | 85.99 | 128.14 | 158.73 | 151.35 | 78.80 |
| 3 | असम | 532.47 | 623.08 | 911.53 | 916.61 | 791.31 | 677.00 |
| 4 | बिहार | 1233.57 | 1416.23 | 2276.27 | 1811.79 | 2369.09 | 1386.73 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1386.02 | 1361.75 | 1840.90 | 1692.36 | 1325.25 | 726.39 |
| 6 | गोवा | 0.15 | 0.34 | 1.10 | 0.95 | 0.94 | 0.31 |
| 7 | गुजरात | 419.61 | 353.70 | 482.29 | 568.02 | 468.09 | 358.14 |
| 8 | हरियाणा | 77.90 | 91.19 | 179.62 | 146.40 | 96.51 | 77.18 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 285.20 | 259.19 | 336.19 | 370.94 | 307.89 | 166.48 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 368.15 | 313.41 | 407.01 | 406.33 | 308.95 | 179.77 |
| 11 | झारखंड | 536.59 | 641.95 | 1176.08 | 1132.47 | 915.36 | 805.34 |
| 12 | कर्नाटक | 1044.92 | 1118.63 | 1480.32 | 1634.93 | 1263.96 | 1064.78 |
| 13 | केरल | 975.26 | 802.30 | 1023.00 | 1059.66 | 965.78 | 680.06 |
| 14 | लद्दाख | 0.00 | 19.03 | 21.30 | 19.27 | 19.56 | 11.31 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 2029.27 | 1930.17 | 3420.21 | 3000.13 | 2265.62 | 1301.74 |
| 16 | महाराष्ट्र | 845.94 | 629.60 | 679.36 | 825.42 | 788.06 | 598.94 |
| 17 | मणिपुर | 117.39 | 234.07 | 330.52 | 305.59 | 74.77 | 64.59 |
| 18 | मेघालय | 342.15 | 370.22 | 383.70 | 393.63 | 289.27 | 173.51 |
| 19 | मिजोरम | 179.17 | 192.59 | 198.66 | 200.77 | 202.33 | 119.77 |
| 20 | नागालैंड | 132.69 | 138.48 | 180.12 | 192.58 | 197.25 | 156.15 |
| 21 | ओडिशा | 829.88 | 1113.89 | 2080.75 | 1977.94 | 1853.77 | 1392.70 |
| 22 | पंजाब | 204.47 | 235.25 | 376.75 | 331.52 | 321.19 | 248.90 |
| 23 | राजस्थान | 2942.46 | 3286.55 | 4605.35 | 4242.97 | 3571.87 | 2381.32 |
| 24 | सिक्किम | 33.55 | 29.47 | 37.34 | 34.34 | 32.48 | 24.56 |
| 25 | तमिलनाडु | 2576.97 | 2485.10 | 3339.46 | 3457.26 | 3346.61 | 3431.82 |
| 26 | तेलंगाना | 1177.29 | 1071.14 | 1579.53 | 1457.94 | 1218.70 | 869.79 |
| 27 | त्रिपुरा | 253.09 | 344.02 | 437.22 | 426.18 | 334.55 | 295.81 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 2121.24 | 2444.30 | 3945.41 | 3257.96 | 3118.59 | 2500.22 |
| 29 | उत्तराखंड | 221.61 | 206.16 | 303.61 | 243.18 | 206.65 | 120.01 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 3382.53 | 2723.05 | 4140.17 | 3642.28 | 378.76 | 1.65 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1.94 | 2.21 | 2.61 | 1.14 | 1.29 | 0.51 |
| 32 | लक्षद्वीप | 0.10 | 0.04 | 0.02 | 0.01 | 0.05 | 0.03 |
| 33 | पुडुचेरी | 6.65 | 7.65 | 10.57 | 6.15 | 8.30 | 16.82 |
| 34 | दादारा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.09 |
| | **योग** | **26792.52** | **26533.02** | **38908.33** | **36332.63** | **29590.16** | **22026.45** |

स्रोतः ग्रामीण विकास मंत्रालय

**राज्य सभा के दिनांक 21.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2160 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2018-19 से वर्ष 2023-24 (दिनांक 20.11.2023 तक) के दौरान डीएवाई-एनयूएलएम के तहत नियोजित कौशल प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या और व्यक्तिगत/समूह सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या तथा जारी केंद्रीय निधि**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नियोजित कौशल अभ्यर्थियों की संख्या | व्यक्तिगत समूह सूक्ष्म उद्यम की स्थापना के लिए सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 55476 | 59423 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1307 | 29 |
| 3 | असम | 12355 | 3824 |
| 4 | बिहार | 7365 | 8814 |
| 5 | छत्तीसगढ | 7365 | 29794 |
| 6 | गोवा | 4226 | 221 |
| 7 | गुजरात | 35065 | 19660 |
| 8 | हरियाणा | 12288 | 4738 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3447 | 2414 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 1399 | 10097 |
| 11 | झारखंड | 20167 | 7370 |
| 12 | कर्नाटक | 1732 | 9845 |
| 13 | केरल | 13016 | 9705 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 98531 | 47062 |
| 15 | महाराष्ट्र | 77789 | 36333 |
| 16 | मणिपुर | 9665 | 136 |
| 17 | मेघालय | 1791 | 62 |
| 18 | मिजोरम | 4000 | 1163 |
| 19 | नागालैंड | 514 | 294 |
| 20 | ओडिशा | 0 | 27346 |
| 21 | पंजाब | 38845 | 7042 |
| 22 | राजस्थान | 18514 | 14647 |
| 23 | सिक्किम | 246 | 18 |
| 24 | तमिलनाडु | 39948 | 210718 |
| 25 | तेलंगाना | 7359 | 8609 |
| 26 | त्रिपुरा | 704 | 1478 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 45023 | 50581 |
| 28 | उत्तराखंड | 2132 | 5907 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 16784 | 9487 |
| 30 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0 | 7 |
| 31 | चंडीगढ़ | 3808 | 166 |
| 32 | दिल्ली | 775 | 1046 |
| 33 | पुडुचेरी | 322 | 352 |
| 34 | लद्दाख | 0 | 21 |
| 35 | दादारा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 |
| | **योग** | **5,41,958** | **5,88,409** |

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय